मासिक पत्रिका बारहवाँ अंक



Nagar Palika Parishad Rampur

EDUCATED RAMPUR

CLEAN RAMPUR

प्रकाशक :—

- सन्तोष कुमार मिश्र

सम्पादक मण्डल:—

- मोहम्मद सईद
- मोद नारायण झा
- इरशाद हुसैन
- सिब्तेनबी खां
- मन्जूर अली नकवी
- अज़ीमुश्शान

# e पत्रिका

माह **Feb.** 2017

# नगर पालिका परिषद, रामपुर

# उत्तर प्रदेश

GREEN RAMPUR







# अधिशासी अधिकारी की कलम से

## विषय वस्तु

01– जलकल अनुभाग

02– निर्माण विभाग

03– स्वास्थ्य अनुभाग

04– कर एवं सम्पत्ति अनुभाग

05– ई–गर्वेनैस


06– फोटो गैलरी



चुनाव समाप्त होने के साथ साथ होली का त्यौहार भी आने वाला है। नगर पालिका द्वारा आधारभूत सेवाएं जैसे साफ सफाई एवं पानी आदि की ब्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आप लोग रंगों के पर्व को त्यौहार की तरह ही मनाएं। जिसे रंग न पसंद हो उस पर रंग न डालें और कीचड़ आदि का इस्तेमाल न करें। सुरक्षित होली मनाएं। होली के शीघ्र बाद ही बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं। अतः बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतें ताकि परीक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आये। थोड़ी सी लापरवाही आपके पूरे वर्ष के किये गए प्रयासों को प्रभावित कर सकता है। अंतः म आप सभी को पुनः नगर पालिका परिषद् रामपुर की ओर से होली की खूब सारी शुभ कामनाएं। धन्यवाद !

e–पत्रिका एक माध्यम है आपसे जुडने का, नगर पालिका के किये गये कार्यों को आप तक पहुँचाने का और आपके विचारों को जानने का ताकि आपकी समस्याओं और विचारों से रूबरू हो शहर की आवश्यकता के अनुकूल सेवाएं प्रदान कर सकें।

हम आपसे अपेक्षा रखते है कि आप अपने सुझाव हमें दूरभाष, e-mail id smartcityrampur@gmail.com अथवा पत्र के माध्यम से आवष्य भेजेगें। स्वच्छता से सम्बन्धित अपनी शिकायतें आप http://swachh.city पर भेज सकतें है।







- **जलकल विभाग :–** नगर पालिका परिषद रामपुर के जलकल विभाग द्वारा पेयजल की व्यवस्था को बनाये रखते हुये माह फरवरी, 2017 में 107 लीकेज मरम्मत किये गये, 70 इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प–2 की मरम्मत का कार्य कराया गया है। वर्तमान में 50 नलकूपों के द्वारा 35 नलकूपों का संचालन आउट सोर्सिंग के माध्यम से एवं 04 नलकूपों का संचालन विभागीय कर्मचारियों से कराया गया। उक्त के अतिरिक्त 04 नग सीवर शम्पवैलों का संचालन ठेके प्रथा से एवं 05 सीवर योजनाओं का मेन्टीनैन्स कार्य आउट सोर्सिंग से कराया गया है। प्रायः आवश्यकता पड़ने पर बहुत से सार्वजनिक प्रोग्रामों में, अथवा सामाजिक–धार्मिक पर्वो के आयोजन में टैंकर के माध्यम से जनता को पेयजल उपलब्ध कराया गया है। क्लोरिनेशन हेतु टीम गठित कर सभी नलकूपों पर क्लोरीन उपलब्ध करायी जा रही है किसी भी नलकूप से कोई खराबी अथवा फाल्ट की शिकायत प्राप्त होने पर उसे तत्परता से तत्काल ठीक कराया गया। सूक्ष्म प्रकृति के किसी फाल्ट को सही करने हेतु 02 विभागीय इलेक्ट्रिीशियन कार्यरत हैं जो तत्काल शिकायत का निस्तारण करते हैं। 06 कर्मियों की टीम आउट सोर्सिंग से कार्यरत है किसी भी मोटर पम्प के खराब होने पर उसे बोर से निकालकर उसमें दूसरे मोटर पम्प लोरिंग कर 24 घण्टे के अन्दर नलकूप चालू कर दिया जाता है। नगर पालिका द्वारा जल वितरण सेवा को सुदृढ बनाने के लिये समस्त शहरवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने जल कनेक्शन का पंजीकरण अवश्य करायें। वर्ष 2015–2016 की अमृत योजना में स्वीकृत जल विस्तार परियोजना का कार्य जल निगम द्वारा शीघ्र ही प्रारम्भ किया जा रहा है। होली पर विशेष रूप से कार्य योजना तैयार कर जलापूर्ति की जायेगी ताकि जन सामान्य को किसी प्रकार की असुविधा न हो।







## निर्माण विभाग :–

निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक ओवर हेड पानी की टेंकी पार्क के चारो ओर न्यू आवास विकास कोलोनी गंगापुर । निर्माण आर0सी0सी0 नाला एवं आर0सी0सी0 कलवर्ट निकट नई मस्जिद जैल रोड । खासबाग रोड पर आयकर विभाग के सामने वाली गली में इरशाद उल्ला खां के मकान से जुबैर शमशी के मकान तक नाली व सी0सी0 इन्टरलाकिंग रोड निर्माण।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक थाना हजयानी से सराये गेट तक।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक अनाज मण्डी गेट से थाना हजयानी (सराये गेट रोड) तक।शौकत अली मार्ग पर मदान नर्सिंग होम के सामने अम्बरीष गुप्ता आदि की दुकान के पास सडक व नाली निर्माण। वार्ड सं0 1 पनबडिया में राजीव कश्यप के मकान से सुरेन्द्र के मकान तक नाली व सी0सी0 इन्टरलाकिंग सडक का निर्माण।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक वालाजी मन्दिर के पीछे से नरेश पाठक अमित सक्सैना के घर व मैन रोड तक संगम मैरिज हाल के सामने सांई विहार, ज्वाला नगर।ज्वाला नगर में प्रेम पटवारी वाली मुख्य गली नं0 04 में पटवारी के मकान से वकील साहव के मकान तक व व हरीश के मकान तक सी0सी0इन्टरलाकिंग टाइल्स व नाली निर्माण कार्य।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स गली गुलशन अरोड (मैम्बर) के घर से गुरूप्रीत के घर तक बी0पी.0 कोलोनी सिविल लाइन्स।निर्माण सडक इन्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा नरेश कश्यप के मकान से शंकर लाल प्रजापति के मकान तक निकट सुभाष जुनियर हाई स्कूल कृष्णा विहार, ज्वाला नगर।बरेली गैट रोड पर मजार मौलवी साहव में इन्टरलाकिंग सडक व नाली का निर्माण कार्य।वार्ड सं0 8 सांई विहार कोलोनी ज्वाला नगर में ओमवीर के मकान से प्रेम शंकर राजपूव के मकान तक एवं अवधेश कुमार त्रिबेदी के मकान से बब्लू के मकान तक नाली व सी0सी0 इन्टरलाकिंग सडक का निर्माण।निर्माण इन्टरलाकिंग टाइल्स सडक सुभाष चन्द्र सक्सैना के घर से बेद प्रकाश के घर तक बजरंग विहारजेल रोड ठेले वाली गली में बब्बू पहलवान के मकान से मेन रोड तक ताहिर भाई के मकान तक नाली व इन्टरलाकिंग टाइल्स कार्य।ज्वाला नगर में तुलसीराम के मकान से प्रिन्स ट्रेडर्स तक नाली व इन्टरलाकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य। मो0 मजार अल्ला हू दादा कलघर में श्री सुभान खां के घर से श्री महफूज खां के घर तक नाले की पुलिया व सडक निर्माण कार्य।

- **<u>नगर स्वास्थ्य विभाग</u>** :– नगर स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा माह फरवरी, 2017 में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलवाया गया इसके अतिरिक्त नागरिको को मच्छरो से होने वाली भयंकर बीमारियों से बचाव हेतु रोस्टर बनाकर सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में पूरे माह फौगिंग करायी गयी, जो कि रोस्टर अनुसार जारी है।

- इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र के समस्त डलाव घरों से प्रतिदिन प्रातः व सायं के समय कूड़ा उठवाकर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर डलवा जाता है और डलाव घरों पर मैलाथियान डस्ट (कीट नाशक) का छिड़काव भी कराया जाता है।

- स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका के समस्त 43 वार्डो के सफाई नायकों द्वारा नागरिकों से अपने घरों के सामने, गलियों एवं सड़कों स्वच्छता पर स्वच्छता बनायें रखने हेतु जागरूक किया गया।

- नगर के समस्त वार्डो में विभिन्न स्थानों पर आवश्यकतानुसार विभिन्न साईज़ों के डस्ट बिन्स रखवाय गये है।वर्तमान में नागरिको द्वारा कूड़ा सड़को पर न डालकर डस्ट बिन्स में डाला जाता है तथा डस्ट बिन्स को वाहनो द्वारा प्रतिदिन उठवाकर पालिका के ट्रंचिग ग्राउण्ड पर खाली करा दिया जाता है।

- मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, रामपुर द्वारा समय समय पर नगर के समस्त वार्डो का औचक निरीक्षण किया गया। नगर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी महोदय एवं समस्त कर्मचारीगण सदैव प्रयासरत रहते है।







अमृत योजना के अन्तर्गत परियोजना **Water Supply Distribution Network (Extension) in Rampur City** एवं परियोजना **Sewer House connecting Chamber of Sewerline in Rampur for zone 1 & 2** के लिए प्राप्त राज्यांश / केन्द्रांश की 20 प्रतिशत धनराशि कार्यदायी संस्था क्रमशः परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई (पेयजल) जल निगम रामपुर और परियोजना प्रबन्धक, अस्थायी निर्माण इकाई उ0 प्र0 जल निगम रामपुर को हस्तान्तरित कर दी गयी है। आगे की कार्यवाही कार्यदायी संस्था द्वारा की जा रही है।

स्मार्ट सिटी द्वितीय चक्र का प्रपोज़ल प्लान तैयार किया जा रहा है। इस बार पुनः इंजीनियर्स इण्डिया लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रपोज़ल प्लान तैयार किया जा रहा है ज़िले के सभी विभागो में चल रही योजनाओं के विषय में जिला अधिकारी महोदय के सहयोग से विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही है ताकि अच्छा प्लान तैयार किया जा सके।

***कर विभागः–*** *कर विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप कर वसूली का कार्य किया जा रहा है। माह* फरवरी, 2017 *में रू0 553000 कर वसुल किया गया है और 90 प्रतिशत कर वसूली का लक्ष्य माह मार्च 2017 तक प्राप्त कर लेने की उम्मीद है।*

E-governance :- *नगर पालिका परिषद द्वारा जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र ऑन लाईन जारी किया जा रहा है एंव जन शिकायतो का निस्तारण आई0 जी0 आर0एस0 के माध्यम से ऑन लाईन किया जा रहा है। कर्मचारियों का पेरोल सिस्टम कम्प्युटराइज़्ड करने की कार्यवाही की जा रही है एवं दोहरी लेखा प्रणाली पर कार्य किया जा रहा है। शीघ्र ही ऑन लाईन सम्पत्ति कर व जल कर का कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।*